तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025

11 भव्य पंचकल्याणक महोत्सव के लिए समिति का गठन, मनोज जैन...



12 बेमौसम बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता








## खबर संक्षेप

### सहस्रबाहू जयंती आज

**छुईहा बेलर।** कलार समाज प्रांतीय निर्देश पर और परिक्षेत्र फिंगेश्वर के मार्गदर्शन में क्षेत्र के ग्रामों में भगवान सहस्राबाहू जयंती (कार्तिक शुक्ल सप्तमी) का भव्य आयोजन 28 अक्टूबर को किया जाएगा। परिक्षेत्र अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा और कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा ने बताया कि इस



महत्वपूर्ण जयंती का आयोजन छुईहा, कुण्डेल, चरौदा, बोड़की, बेलर, पतोरी, सेंदर, बिजली, जामगांव, सरगोड़, भेण्ड्री, बोरिद, बोरसी, फिंगेश्वर सहित कलार सिन्हा समाज के बहुतायत गांवों में किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रथम सोपान में युवती और महिलाओं द्वारा गांव में भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात कार्यक्रम स्थल पर कथा पूजन एवं महारती (महाआरती) का आयोजन होगा। छुईहा सहित सभी चयनित गांवों में कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए पूर्व में समाज की आवश्यक बैठक रखकर आम सहमति बनाई गई थी। समाज प्रमुख परदेशी राम सिन्हा और जिला अंकेक्षक राजेश सिन्हा ने बताया कि इस अवसर पर समाज में बहुमूल्य योगदान व सेवा प्रदान करने वाले व्यक्तियों और प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जाएगा। समाज मंच पर स्थानीय बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी जाएगी। लोक गायिका पुनम सिन्हा का कार्यक्रम होगा।

### आवारा कुत्ते के हमले से ग्रामीण हुआ घायल

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के साप्ताहिक बाजार में आज दोपहर 3 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब सब्जी बनाने के लिए मछली खरीदकर जा रहे एक ग्रामीण पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, नागझर निवासी रामेश्वर नेताम बाजार से 2 किलो मछली पॉलीथीन में रखकर आ रहा था। साप्ताहिक बाजार के मुख्य मार्ग पर एक आवारा कुत्ते ने झपट्टा मारकर ग्रामीण के हाथ को काट दिया, जिससे उसे गंभीर चोट लगी। घायल ग्रामीण का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है।

### स्वरांजलि लोककला कार्यक्रम 2 नवंबर को

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा में देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर 02 नवंबर को छत्तीसगढ़ी लोककला 'स्वरांजलि' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्रीराम सेना हिन्दू संगठन एवं समस्त ग्रामवासी हरदीभाठा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

### महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सोरिद में एक महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया भुनेश्वरी साहू ने बताया कि वह वार्ड नंबर 49 उद्योग भवन चौक काशीराम नगर रायपुर में अपने परिवार के साथ रहती है। उसकी शादी 2016 में लोकनाथ साहू निवासी सोरिद थाना महासमुंद से सामाजिक रीति रिवाज से संपन्न हुई थी।

**कार्रवाई : तलाशी के दौरान कार की डिक्की से जीवित और बाइक से पैंगोलिन की छाल बरामद की गई**

# अंतरराज्यीय पैंगोलिन तस्कर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

गरियाबंद पुलिस ने अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय एक वन्यजीव तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। थाना देवभोग और साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। तस्करों के कब्जे से 9 किलोग्राम जीवित सालकापरी (पैंगोलिन) और 6.13 किलोग्राम सालकापरी की छाल (सेल) बरामद की गई है। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। 26 अक्टूबर को देवभोग पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग मारुति कार (क्रमांक ओडी 08 डी 7638) और मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 05 सी 9151) में विलुप्तप्राय वन्यजीव पैंगोलिन और उसकी छाल को अवैध रूप से बिक्री के लिए ओडिशा से देवभोग की ओर परिवहन कर रहे हैं।

सूचना मिलते ही थाना देवभोग पुलिस और साइबर टीम ने अंतरराज्यीय चेक पोस्ट खुटगांव पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग शुरू की। तलाशी के दौरान मारुति कार की डिक्की से जीवित पैंगोलिन और मोटरसाइकिल से पैंगोलिन की छाल बरामद की गई।




### ओडिशा से छत्तीसगढ़ तक फैला था गिरोह

पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे इस विलुप्तप्राय पैंगोलिन की तस्करी ओडिशा से छत्तीसगढ़ होते हुए अन्य राज्यों में ऊंचे दामों पर बेचने की योजना बना रहे थे। आरोपी भवतोश पात्र (55 वर्ष), निवासी अरेबेटा, कालाहांडी, ओडिशा (कार चालक)। गोरे बारिक (55 वर्ष), निवासी रेगालपाली, कालाहांडी, ओडिशा (परिचालक, जिसे लेख में तारिणी पात्र भी बताया गया है)। कौशल नागेश (35 वर्ष), निवासी ठिरलीगुड़ा, देवभोग, (मोटरसाइकिल चालक)।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में है उच्च मांग



ज्ञात हो कि पैंगोलिन का उपयोग तांत्रिक क्रियाओं सहित महंगी दवाइयां बनाने के काम में किया जाता है, जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी तस्करी ऊंचे दामों पर की जाती है। पुलिस ने इसके पूर्व भी मैनपुर थाना क्षेत्र से पैंगोलिन तस्करी करते कई तस्करों को गिरफ्तार किया था। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेच ने देवभोग थाना प्रभारी और साइबर टीम की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि वन्यजीव तस्करी जैसे अपराधों पर पुलिस की यह कार्रवाई कड़ा संदेश देती है कि ऐसी गैरकानूनी गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## हथखोज पुल पर लूटपाट और मारपीट करने वाले 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम हथखोज पुल पर भाई गिरी कर लूटपाठ करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर को शाम 5 बजे प्रार्थी अपनी मोटर सायकिल से ग्राम अरंड से ग्राम बिरकोनी जा रहा था वह जैसे ही ग्राम हथखोज पुल के पास पहुंचा तो पहले से चार युवक पुल के पास खडे.थे वे चारो ने प्रार्थी के मोटर सायकिल के सामने आकर उसका रास्ता रोककर मोटर सायकिल की चाबी छीन लिये और शराब के लिए रूप्ये मांगने लगे। प्रार्थी ने रूप्ये नहीं होने की बात कहीं तो उसे चारो मारपीट करने लगे और पुल से नीचे फेंकने की धमकी देते हुए उसके जेब में रखे 8 हजार रूपये छिन लिये। प्रार्थी आरोपियों के डर से उस समय अपने घर चला गया। दूसरे दिन प्रार्थी वापास आया घटना में शामिल युवकों की जानकारी ली तो उसे चारों युवकों का नाम पता चल गया। उसके बाद वह फिंगेश्वर थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया।फिंगेश्वर पुलिस ने चारों युवकों को घेराबंदी कर धर दबोचा। युवको का नाम इस प्रकार है। मोती राम साहू पिता हीरालाल साहू उम्र 22 वर्ष अरंड, थानेश्वर साहू पिता राजकुमार साहू उम्र 24 वर्ष ग्राम अरंड, असफाक कुरैशी पिता महजुद्दीन कुरैसी उम्र 22 वर्ष, दुतकैया बादशाह खान पिता मदार खान उम्र 30 वर्ष, दुतकैया राजिम थाना है। इन आरोपियों के पास से लूटे गए राशि 8 हजार, दो मोटर सायकिल एवं 4 मोबाइल पुलिस ने बरामद की है।आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 126(2), 309(6)119(1)115(2),3(5) बीएनएस का घटित करना सिद्ध पाये जाने पर विधिवत गिरफतार कर न्यायिक रिमांड मे जेल भेजा गया।

## धान कटाई में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

दीपावली के बाद क्षेत्र के किसान अब अर्ली वैरायटी के धान की कटाई में जुट गए हैं। ज्ञात हो कि क्षेत्र में नवरात्र पर्व के दौरान हुई बारिश से खेत में पानी होने से हार्वेस्टर नहीं चल पा रहा है। चैन कुबोटा हार्वेस्टर की मांग बढ़ गई है। 4000 रुपये प्रति घंटा की दर से कटाई हो रही है वहीं छोटे किसान मजदूरों से कटाई करा रहे हैं।



मौसम में उतार चढ़ाव के चलते फसल में कीट प्रकोप भी बढ़ गया है दवाई का छिड़काव करने के बावजूद असर नहीं हो पा रहा है। सरना ,जमुना, समदा, सरना बड़े किस्म की धान की बालियां निकल गई है। बताया गया है कि खेतों में पानी भरने और नमी होने से धान कटाई में देरी हो रही है। दीपावली के बाद भी लगातार छा रही बदली से किसान चिंतित है। यही कारण है कि किसानों के लिए इस बार धान कटाई का मौसम राहत के बजाय चिंता लेकर आया है। जहां एक ओर लौटते मानसून की वजह से खेतों में पानी भरने और नमी बने रहने से कटाई में देरी हो रही है। वहीं दूसरी ओर तैयार खड़ी फसल पर माहो कीट और मांइटस के हमले ने किसानों की चिंता को और बढ़ा दिया है। किसानों का कहना है कि तीन चार बार दवाई छिड़कने के बावजूद माहो कीट पर नियंत्रण नहीं मिल पा रहा है। महंगी दवाओ का प्रयोग करने के बाद भी जब परिणाम नहीं दिख रहे हैं तो किसानों में हताशा की भावना आ गई है। धान की फसल पर शीत ब्लास्ट और तनाच्छेदक रोग का प्रकोप देखा जा रहा है। किसान किसी तरह उन बीमारियों से उबर ही रहे थे कि माहो का हमला शुरू हो गए हैं। किसान बताते हैं कि माहो लगने से केवल उत्पादन घटेगा। बल्कि धान की गुणवत्ता और वजन पर भी असर पड़ेगा। किसानों का कहना है कि इस बार फसल उत्पादन निश्चित रूप से प्रभावित होगा धान का वजन घटेगा और गुणवत्ता भी कम होगी।



### सरकारी नौकरी के बजाय व्यापार पर ध्यान दें युवा : देवसिंह रात्रे

**छुरा।** ग्राम सारागांव में आयोजित माता महोत्सव के अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लघु वनोपज प्रदेश प्रतिनिधि छत्तीसगढ़ शासन एवं पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष देवसिंह रात्रे उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को सरकारी नौकरी के साथ-साथ व्यापार, व्यवसाय एवं उद्योग-धंधे की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। श्री रात्रे ने कहा कि एक समय था जब सारागांव को सबसे अधिक शिक्षित, मेहनती, व्यापारिक एवं सरकारी कर्मचारियों के गांव के रूप में जाना जाता था। परंतु आज गतिविधियाँ धीमी पड़ गई हैं। अब समय है कि युवा सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा में न रहकर स्व-रोजगार और व्यवसाय की दिशा में कदम बढ़ाएँ। इसके लिए बैंक, नाबार्ड और राज्य सरकार द्वारा ऋण एवं छूट की अनेक योजनाएँ उपलब्ध हैं, जिनका लाभ उठाकर युवा अपना भविष्य संवार सकते हैं।"उन्होंने आगे कहा कि यदि सरकारी नौकरी नहीं मिल पा रही है, तो भी निराश होने की जरूरत नहीं। व्यापार एवं उद्योग से न केवल स्वयं का ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ सारागांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## लाखों की लागत से शुरू हुआ छिंद तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य अधूरा, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में निस्तार के लिए उपलब्ध दो तालाबों में से एक 'नया तालाब' तो लबालब भरा हुआ है और नगरवासी उसका लाभ ले रहे हैं, लेकिन ठीक बगल में स्थित विशाल 'छिंद तालाब' उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। यह तालाब वर्तमान में घास और खरपतवार से भरा पड़ा है, जिसके कारण इसका पानी उपयोग लायक नहीं है। स्थानीय लोग लंबे समय से छिंद तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि लगभग दो वर्ष पहले, जनपद पंचायत मैनपुर के माध्यम से इस तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए पहल की गई थी। गरियाबंद के तत्कालीन कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम और जनपद के अधिकारियों ने बकायदा तालाब का



जायजा लिया था। इसके बाद, मनरेगा योजना के तहत इस तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 13 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे, और विधिवत कार्य भी प्रारंभ हुआ था। कार्य के तहत तालाब के चारों ओर पिचिंग कर सौंदर्यीकरण शुरू किया गया था, लेकिन यह कार्य अधूरा छोड़ दिया गया।

**सरकारी बोर्ड भी ध्वस्त–** अधूरे कार्य से भी गंभीर बात यह है कि सौंदर्यीकरण कार्य की लागत दर्शाने वाला सरकारी बोर्ड भी ध्वस्त कर दिया गया है। अब यह सवाल खड़ा हो गया है कि इस सौंदर्यीकरण कार्य में कितना खर्च हुआ, और निर्माण कार्य अधूरा क्यों छोड़ा गया, इसका कोई जवाब देने वाला नहीं है। पूरी सौंदर्यीकरण योजना खटाई में पड़ गई है। मैनपुर नगर के लोगों ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके से मांग की है कि मैनपुर के छिंद तालाब के अधूरे सौंदर्यीकरण कार्य को पूरा कराकर इस महत्वपूर्ण जल निकाय को संरक्षित किया जाए।

**कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने तीन श्रद्धालु बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, 192 श्रद्धालुओं का दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आज गरियाबंद जिले के पांचों विकासखंडों से कुल 192 श्रद्धालु सहित श्रद्धालुओं के देखरेख के लिए 5 अनुरक्षक भी तीन बसों के माध्यम से पवित्र तीर्थस्थलों - प्रयागराज, हनुमानगढ़ एवं काशी विश्वनाथ के दर्शन हेतु रवाना हुए। यह पांच दिवसीय यात्रा 27 से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की गई है। इस अवसर पर कलेक्टर बीएस उइके, वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर ने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए रवाना किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के पार्षद सुरेन्द्र सोनटेके, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, उपाध्यक्ष लेखराम साहू, राधेश्याम सोनवानी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर, सहित समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।

■ यात्रा में नि :शुल्क दर्शन, रहने–खाने और सुरक्षा की रहेगी पूरी व्यवस्था




### तीर्थस्थलों का निःशुल्क दर्शन कराया जाएगा

ज्ञातव्य है कि योजना अंतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक तथा 60 वर्ष से कम आयु वर्ग के विधवा/परित्यक्ता महिलाओं के श्रद्धालु तीर्थ यात्रा के लिए पात्र हैं। यदि पति-पत्नी साथ यात्रा करना चाहें तो उनमें से एक को आयु सीमा में छूट दी जाती है। योजना के तहत पात्र श्रद्धालुओं को शासन द्वारा निर्धारित तीर्थस्थलों का निःशुल्क दर्शन कराया जाएगा। यह योजना पूर्णतः निःशुल्क है। यात्रा के दौरान आवागमन, ठहरने एवं भोजन की सभी व्यवस्थाओं का वहन राज्य शासन द्वारा किया जाता है।

## एकलव्य विद्यालय कोसमबुड़ा में जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को अत्यंत उत्साहपूर्वक किया गया। इस सप्ताह का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करना और ईमानदारी को जीवन शैली के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का संचालन संयोजक उज्ज्वल त्रिपाठी ने किया, जिन्होंने इस आयोजन के उद्देश्यों और सामाजिक उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के स्कूल कैप्टन वेदांश ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सतर्कता शपथ दिलाई। इसके उपरांत हिंदी शिक्षक ललित कुमार



ने विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के विविध रूपों, उसके नकारात्मक प्रभावों और उससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा कि सतर्कता केवल ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### नेशनल कराते में अभनपुर के छात्रों को मिले 13 पदक

**अभनपुर।** भिलाई महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय ओपन नेशनल कराटे टूर्नामेंट में एनएस मार्शल आर्ट एकेडमी अभनपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में एकेडमी के खिलाड़ियों ने कुल 13 पदक प्राप्त किए जिसमे 4 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य शामिल है। एकेडमी मुख्य कोच व मार्गदर्शक सिहान मनीष बाग एवं हेड कोच सेन्सेई नेमधारी सोनवानी,कोच सागर सोवानी ने इस उपलब्धि पर कहा कि कराटे केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों को सिखाने की कला है। हमारे खिलाड़ियों ने यह सिद्ध कर दिखाया कि समर्पण और मेहनत से हर लक्ष्य संभव है सभी खिलाड़ियो को बधाई।

### भतीजे के साथ विवाद दीवार को गिराया

**महासमुंद।** दीवार बनाने को लेकर हुए विवाद के चलते एक युवक को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी पुष्पकांत प्रधान निवासी ग्राम तोषगांव ने बताया कि 24 अक्टूबर की दोपहर करीबन 2 बजे वह अपने घर के छत में ईंट से दीवार जुड़वा रहा था, तभी उसके चाचा विजय गोपाल प्रधान, चाची सौभागिनी प्रधान व उनके बेटे दिलेशकांत प्रधान एवं प्रवेशकांत प्रधान के द्वारा एक राय होकर यह जगह हमारी है कहते हुए दीवार को लात मारकर गिरा दिया गया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम गढ़पटनी में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में बसना थाने में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को श्रीधर कैवर्त ने बताया कि 26 अक्टूबर की शाम करीबन 6.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव का ताराचंद कैवर्त ने उसकी पत्नी सोनई बाई से गाली गलौज किया था। इसकी जानकारी होने पर प्रार्थी ने ताराचंद को समझाया। कुछ देर बाद आरोपी ताराचंद कैवर्त द्वारा प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए अपने हाथ में रखे किसी अज्ञात वस्तु से सिर, चेहरा एवं जबड़े में मारकर चोट पहुंचाया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## छठ पर्व में कांग्रेस के पूर्व पीसीसी चीफ धनेंद्र साहू हुए शामिल ...



**नवापारा-राजिम।** छठ पर्व में शामिल होने पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू पहुंचे। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नपा के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, नपा के नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, रामा यादव, राजा चांवला, राकेश सोनकर, सुनील जैन, रामकुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

## आयोजन : छत्तीसगढ़ कलार समाज सामाजिक शिक्षा रत्न सम्मान समारोह

# प्रतिभावान व्यक्तियों को मिला माता बहादुर कलारिन सामाजिक शिक्षा रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

छत्तीसगढ़ कलार समाज के शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा राजधानी रायपुर स्थित विमतारा पैलेस, शांति नगर में राज्य स्तरीय 'माता बहादुर कलारीन अलंकार 2025' एवं 'सामाजिक शिक्षा रत्न 2025' सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में छुरा परिक्षेत्र सहित राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे समाजसेवी, शिक्षाविद, पत्रकार, कलाकार और खिलाड़ी सम्मानित किए गए। समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**बारह विधाओं में अलंकरण प्रदान-** कलार समाज के इस राज्य स्तरीय आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को बारह विधाओं में अलंकरण प्रदान किया गया। इनमें प्रमुख रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण, पत्रकारिता, कृषक, खेल, वीरता, व्यापार, साहित्य, उद्योग और कला शामिल हैं।

### छुरा परिक्षेत्र के सम्मानित व्यक्तित्व

गरियाबंद जिले के छुरा कलार समाज परिक्षेत्र से कई प्रतिभाओं ने इस सम्मान समारोह में समाज का नाम रोशन किया। योगाचार्य मिथलेश सिन्हा उन्हें लगातार 12 वर्षों से निःशुल्क योग सेवा, पर्यावरण हेतु निस्वार्थ कार्य और समाजसेवा के प्रति उनके योगदान के लिए 'बहादुर कलारिन स्वास्थ्य अलंकरण' प्रदान किया गया। पूनम पूर्णिमा सिन्हा छुरा क्षेत्र की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका पूनम पूर्णिमा सिन्हा को 'कला रत्न' से सम्मानित किया गया। पत्रकारिता युवा पत्रकार किशन सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा और भूपेंद्र सिन्हा को 'छत्तीसगढ़ बहादुर क्लारीन पत्रकारिता सम्मान' से नवाजा गया। खोमेश्वर सिन्हा खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 'खेल अलंकरण 2025' दिया गया। कुंती बाई सिन्हा उन्हें 'महिला सशक्तिकरण' के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के समापन



पर समाज के पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में समाज की प्रतिभाएं और भी ऊँचाइयाँ छुएंगी।

समाज के प्रांतीय अध्यक्ष युवराज सिन्हा ने बताया कि यह सम्मान उन समाज के सदस्यों को समर्पित है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर समाज को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करते हैं। यह सम्मान समाज के प्रांतीय अध्यक्ष युवराज सिन्हा, महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजू सिन्हा, योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा तथा समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

## त्रिवेणी संगम साहित्य समिति ने मनाया दीपावली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

त्रिवेणी संगम साहित्य समिति द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव मुख्य अतिथि और पूर्णिमा चंद्राकर अध्यक्ष के रूप में मौजूद थीं। इस अवसर पर रेखा-कुलेश्वर साहू, भारत यादव, सुरेश पटेल, नूतन साहू और रतनू साहू विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि महेश यादव ने अपने उद्बोधन में राजिम को छत्तीसगढ़ की साहित्य नगरी बताया। उन्होंने कहा कि यहाँ हर घर से एक कवि पैदा होता है और राजिम के साहित्यिक विरासत को संत कवि पवन दीवान, स्वामी कृष्णारंजन, पुरुषोत्तम अनासक्त, छबिलाल अशांत, लक्ष्मण मस्तुरिया और रवि श्रीवास्तव जैसे साहित्य साधकों ने सींचा है। समिति के अध्यक्ष मकसुदन बरीवाला ने साहित्यकार के जीवन की तुलना दीपक से करते हुए कहा, /"एक साहित्यकार का जीवन दीपक की तरह होता है, जो स्वयं जल कर अपनी साहित्य रूपी प्रकाश से समाज को आलोकित करता है। अतः सभी साहित्यकार परहित कल्याण की भावना से कल्याणकारी रचना करें। अध्यक्षता कर रहीं पूर्णिमा चंद्राकर ने कवियों को समाज का महत्वपूर्ण व्यक्तित्व मानते हुए परहित भाव से सृजन करने और समाज के लिए एक नई मिसाल पेश करने का आह्वान किया। समारोह में प्रथम कवि के रूप में **तुषार शर्मा नादान ने जीवन रहस्य पर अपनी रचना प्रस्तुत की। इसके अलावा, नूतन साहू, किशोर निर्मलकर, मोहन मानिकपन, रमेश सोनसायटी, नरेंद्र साहू, छग्गू, यश आडिल और श्रवण साहू ने भी अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं।

## मंडल अध्यक्ष रिकेश ने डिप्टी सीएम शर्मा व वित्त मंत्री से की मुलाकात



**राजिम।** दीपावली के अवसर पर राज्य के डिप्टी सीएम विजय शर्मा एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी से भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने मुलाकात कर दीपावली की बधाई बुके भेंट कर दी।

## महिला मुखियाओं को पोषण गार्डन निर्माण का प्रशिक्षण






हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

लोक आस्था सेवा संस्थान द्वारा विमेनिटी के सहयोग से गरियाबंद में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें छूरा और गरियाबंद ब्लॉक क20 महिला मुखियाओं ने हिस्सा लिया। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से पोषण गार्डन के निर्माण और प्रक्रिया पर केंद्रित था। प्रशिक्षण में उद्यानिकी विभाग, छूरा से*सुनील साहू ने प्रोजेक्टर के माध्यम से सरल और सहज तरीके से पोषण गार्डन की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि पोषण गार्डन को घर की बाड़ी या आंगन में तैयार किया जा सकता है, जहाँ ताज़ी सब्जियां उगाकर उनका उपयोग किया जाता है। ताज़ी सब्जियों से पौष्टिक आहार, विटामिन, मिनरल, आयरन, प्रोटीन और कैल्शियम** जैसे पोषक तत्व प्राप्त होते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च में कमी आती है, साथ ही बाजार से महंगी सब्जियां खरीदने की भी बचत होती है। इस बची हुई राशि का उपयोग परिवार के अन्य मदों के लिए किया जा सकता है। जैविक पद्धति से खाद तैयार कर उपयोग करने से रासायनिक खादों के दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है और पर्यावरण प्रदूषित नहीं होता।

**सरकारी योजनाएं और बागवानी तकनीक-** साहू जी ने किसानों को शासन द्वारा मिलने वाली योजनाओं की जानकारी भी दी, जिसके तहत 55 से 60 प्रतिशत तक की सब्सिडी किसानों को दी जाती है। उन्होंने योजनाओं तक पहुँच बनाकर लाभ लेने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में पानी की बचत कैसे करें, पोषण गार्डन के लिए विधिपूर्वक क्यारी कैसे बनाएं और सब्जी लगाने से पहले बीजोपचार विधि का उपयोग कैसे करें, इस पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने पोषण गार्डन के उद्देश्य, महत्व, आवश्यक सामग्री और होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में संस्था के सभी स्टाफ भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कुडो टूर्नामेंट में अनन्या प्रधान ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

16वीं राष्ट्रीय कुडो टूर्नामेंट 2025-26 का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम सूरत गुजरात में 24 से 27 अक्टूबर 2025 तक कूड़ो इंटरनेशनल फेडरेशन इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम में महासमुंद जिले से 06 खिलाड़ी जिसमें सब जूनियर वर्ग में अनन्या प्रधान पिता प्रसन्न प्रधान, जूनियर वर्ग में संजना मुन्ना पिता महेश मुन्ना ग्राम सांकरा, मंजू खूंटे पिता राज कुमार खूंटे ग्राम लिमदरहा एवं सीनियर वर्ग में मीरा पंडा पिता मोतीलाल पंडा ग्राम छुवालीपतेरा, उपेंद्र प्रधान पिता धनुर्जन प्रधान ग्राम आरंगी एवं रघुनाथ नेताम पिता गोपाल नेताम शामिल हैं। छत्तीसगढ़ महासमुंद के मीरा पंडा ने सीनियर महिला वर्ग में जम्मू कश्मीर के साथ हुए मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिसमें मध्य प्रदेश के साथ मैच खेलकर कांस्य पदक प्राप्त कर पहले दिन ही खाता खोला था। आज खेले गए मैच में उपेंद्र प्रधान ने जम्मू कश्मीर के खिलाड़ी से मुकाबला हुआ, मंजू खूंटे ने महाराष्ट्र के खिलाड़ी से मुकाबला किया, संजना मुन्ना ने महाराष्ट्र से मुकाबला किया, अनन्या प्रधान का मैच हुआ। अनन्या प्रधान ने गुजरात के खिलाड़ी से मुकाबला जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कर्नाटका के खिलाड़ी से मुकाबला कर फ़ाइनल में प्रवेश करने में सफल नहीं हुई। अनन्या प्रधान पिता प्रसन्न प्रधान ने टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल कर जिले व प्रदेश का नाम रौशन किया। सूरत गुजरात में ही आयोजित फेडरेशन कप एवं अक्षय कुमार इंटरनेशनल टूर्नामेंट का आयोजन 27 से



31 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित किया गया है, जिसमें महासमुंद जिले के खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन कर पदक जीतने की उम्मीद जताई गई हैं। जिले में कूड़ो खेल को आगे बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद के पहल एवं सहयोग से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिला कूड़ो संघ द्वारा विगत दो वर्षों से राज्य स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर एवं राज्य स्तरीय ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा चुका हैं। जिसमें सिरपुर, भंवरपुर, बागबाहरा एवं सांकरा में आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के खेल कौशल में सुधार एवं विकास होने के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी करने में सहयोग मिला हैं। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शामिल होकर बेहतर प्रदर्शन कर 16 स्वर्ण पदक, 10 रजत पदक एवं 21 कांस्य पदक सहित कुल 47 पदक जीतने में सफलता हासिल किया हैं।

## जमीन विवाद को लेकर भाइयों के बीच मारपीट, अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम सेवाती में जमीन विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद के चलते थाना तेंदूकोना में अलग-अलग रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी लालदास सोनी पिता गैतराम सोनी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसका छोटा भाई श्याामलाल सोनवानी है और वे दोनों भाई अपने-अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहते हैं। प्रार्थी ने बताया कि उसकी मां के नाम पर करीबन 3.05 एकड भूमि दर्ज है और छोटे भाई श्या मलाल को उसकी मां ने द्वारा करीबन 1.50 एकड़ जमीन जीवनयापन के लिए दिया है। लेकिन उसका छोटा भाई जमीन का खाता विभाजन चाहता है। 25 अक्टूबर को उसने स्टांपथ पेपर में दस्त खत कराने अपने पुत्र मनोज को छोटे भाई श्याामलाल के घर भेजा था किंतु उसका छोटा भाई दस्त खत नहीं करूंगा, जमीन का बंटवारा करने के बात कहने लगा। उसी दिन रात करीबन 8 बजे श्यामलाल उसके घर के पास आकर जमीन की बात को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी के साथमारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म ददर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरी रिपोर्ट में प्रार्थी श्याधमलाल सोनवानी पिता गैतराम सोनवानी निवासी सेवाती ने पुलिस को बताया कि हम लोग दो भाई हैं। उसका बड़ा भाई लालदास सोनी है। दोनों भाई अपने अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहते हैं और उसकी मां साधनी बाई बड़े भाई लालदास सोनी के पास रहती हैं। उसकी मां ने कमाने खाने के लिये करीबन 1.50 एकड़ भूमि दी है।

## पेज 9 के शेष...

### सरकारी नौकरी के...

बल्कि अन्य लोगों का भी रोजगार सृजन किया जा सकता है। सरकार की योजनाओं के तहत आसान किस्तों में ऋण चुकाकर न केवल परिवार का भरण-पोषण किया जा सकता है बल्कि गांव के विकास में भी योगदान दिया जा सकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति लेखराम ध्रुवा, प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जनपद सदस्य नारायण सिंह, सरपंच इंद्रेश्वरी दीवान, ग्राम प्रमुख उत्तम चंद्राकर एवं कुंदन निर्मलकर, उप सरपंच कामता यदु, पूर्व सरपंच गोकुल ध्रुव, देव ध्रुव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मंच पर वक्तव्य देते हुए अभिषेक मिश्रा ने कहा कि हमारे युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, उन्हें बस अवसर की तलाश रहती है। ऐसे सांस्कृतिक मंच युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और आत्मविश्वास बढ़ाने का सुनहरा मौका प्रदान करते हैं। **डीजे डांस प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया हुनर-** माता महोत्सव के अवसर पर आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों से कुल 38 टीमों ने भाग लिया, जिनमें 12 टीम सामूहिक, 10 टीम युगल, एवं 16 टीम एकल श्रेणी में शामिल थीं। परिणाम इस प्रकार रहे एकल नृत्य वर्ग प्रथम स्थान भाग्यश्री बिलासपुर, द्वितीय स्थान जीवन साहू, तृतीय स्थान छोटे बाबू झलक युगल नृत्य वर्ग, प्रथम स्थान खुशबू एवं श्याम महासमुंद, द्वितीय स्थान साधना एवं सरगम जांजगीर-चांपा, तृतीय स्थान मानिक एवं हीरा सुनसुनिया बागबाहरा, सामूहिक नृत्य वर्ग प्रथम स्थान पुष्पांजलि डांस ग्रुप आमानारा, द्वितीय स्थान आरएन डांस ग्रुप संभल बागबाहरा, तृतीय स्थान सरगम डांस ग्रुप कनसिंघीकार्यक्रम का संचालन शीतल ध्रुव ने प्रभावशाली रूप से किया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम समिति सारागांव द्वारा किया गया, जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण, युवा एवं अतिथिगण उपस्थित रहे।

### एकलव्य विद्यालय कोसमबुड़ा...

एक सप्ताह की गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक सकारात्मक शैली है। उन्होंने विद्यार्थियों से ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपने आचरण को सुधारने तथा समाज में जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया।

**रैली और प्रतियोगिताएं-** संयोजक उज्ज्वल त्रिपाठी ने बताया कि आगामी एक सप्ताह तक विद्यालय में निबंध लेखन, भाषण, कला एवं पेंटिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, सतर्कता रैली निकालकर आसपास के ग्रामों में लोगों को भारत सरकार की मुहिम सतर्क भारत, समृद्ध भारत से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति और जागरूकता के वातावरण में हुआ, जहाँ विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण का दृढ़ संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप



### भव्य पंचकल्याणक महोत्सव के लिए समिति का गठन, मनोज जैन निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

**नवापारा राजिम।** श्री दिगंबर जैन समाज की बैठक में 19 तारीख से 25 तारीख 2026 तक होने वाले भव्य पंचकल्याणक महा महोत्सव के लिए समिति का गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में सर्व समिति से मनोज जैन को निर्विरोध अध्यक्ष सभी के द्वारा चुना गया। मनोज जैन समाज के प्रभावशाली व्यक्तित्व हैं और पहले भी समाज का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष के रूप में दो कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। उनके अध्यक्ष बनने से समाज में बहुत ही हर्ष प्राप्त है। सभी ने उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की,उनके शुभचिंतकों में पंचायत कमेटी के संरक्षक रमेश पहाड़िया, अध्यक्ष अखिलेश जैन, अशोक गंगवाल, डॉ राजेंद्र गदिया, उपाध्यक्ष अनिल जैन, सचिव आशीष चौधरी, सहसचिव आकाश गंगवाल, कोषाध्यक्ष आशीष जैन, सांस्कृतिक सचिव रवि जैन, अंकित चौधरी, संजय पाटनी, आलोक पहाड़िया, सुधीर सिंघई, प्रभात जैन, प्रदीप जैन लाला, सुनील जैन, अंकित गदिया, प्रकाश लाला इत्यादि बहुत से लोगों ने प्रस्ताव का समर्थन किया और समाज में बहुत हर्ष व्याप्त है ,इसी प्रकार पंचकल्याणक को पूर्ण करने के लिए एवं मार्गदर्शन के लिए मुनि सुयश सागर महाराज जी की सहमति प्राप्त हो गई है एवं मुनिश्री संभवतः 8 नवंबर को इंदौर से बिहार का राजिम पहुंचेंगे।

**आयोजन :** शहर के सुप्रसिद्ध श्री राधाकृष्ण मंदिर के 100 वर्ष पूरे होने पर होंगे विविध कार्यक्रम


# श्री राधाकृष्ण मंदिर के 100 वर्ष पूर्ण, 24 से 30 नवंबर तक शताब्दी महोत्सव का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के सुप्रसिद्ध श्री राधाकृष्ण मंदिर के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी महोत्सव वर्ष के रूप में 24 नवंबर से 30 नवंबर तक मंदिर में श्री राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट एवं समस्त नगरवासियो व सर्वसमाज के सहयोग से बहुत ही भव्य धार्मिक अनुष्ठान होने जा रहा है जिसमें सभी समाज के लोगो की भागीदारी होगी। इस संबंध में सोमवार शाम मंदिर परिसर में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन कर मंदिर कमेटी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि श्री राधाकृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को 100 वर्ष पूरे होने जा रहे है। नगर के सेठ रेखराज चतुर्भुज जी के सदसंकल्पो से इस मन्दिर ने आज से 100 साल पहले मार्गशीर्ष सुदी दशमी को मूर्त रूप लिया था। उस समय के संसाधनों से जब यह निर्मित हुआ तब इसकी भव्यता और दिव्यता देखते ही बनती थी। वास्तु एवं शिल्पकला का यह अनुठा रूप था और सुखद आश्चर्य है कि आज भी इसका सौन्दर्य सौष्ठव जस का तस बना हुआ है। मंदिर के सर्वराकार के रूप में रेखराज चतुर्भुज परिवार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में इस मन्दिर में साल भर अनेक उत्सव संपन्न होते रहते हैं, जिसमें न केवल समूचे नगरवासियो के वरण अंचल के ग्रामीणों के सक्रिय उत्साह और सहभागिता के कारण इस मंदिर की प्रतिष्ठा उत्तरोत्तर बढ़ती ही जा रही है। मंदिर में नर्व वर्ष चैत्र माह से उत्सवो की श्रृंखला शुरू होती है वह साल भर चलती ही रहती है। आषाढ़ में रथयात्रा महोत्सव, सावन में शिवजी एवं प्रति सोमवार पार्थिव शिवलिंग का निर्माण प्रतिदिन सावन झुला महोत्सव, श्री कृष्ण भगवान के साक्षात चरण चिन्ह भावो में कृष्ण जन्माष्टमी एवं नंदोत्सव ,अश्विन नवरात्रि में मां अम्बे की ज्योति जंवारा के साथ धार्मिक अनुष्ठान ,कार्तिक में विजयादशमी को रावणभांठा में रावणवध कार्यक्रम,दीपावली में अन्नकूट महोत्सव,फाल्गुन में होलिका उत्सव, रंगपंचमी जैसे अनेक महत्वपूर्ण उत्सव तो धूमधाम से मनाते ही है साथ ही वर्ष भर के तिथिक्रम में भी उत्सव एवं धार्मिक अनुष्ठान चलते ही रहते है। जिसमें दिल खोलकर ट्रस्ट कमेटी के द्वारा व्यवस्थाएं की जाती है। मन्दिर में आधुनिक साज सज्जा के साथ सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला भी संचालित होती है। ए.सी. रूम एवं बड़े हॉल है। जिसे लोगों के सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों के लिये बहुत ही कम सेवा शुल्क लेकर उपलब्ध कराया जाता है। मन्दिर में अशोक पुष्पवाटिका भी है। खास बात यह है कि इस मन्दिर में निर्धन ,असक्त और असहाय लोगों के लिये प्रतिदिन दोपहर निःशुल्क भोजन भी उपलब्ध कराया जाता है जिसे सुदामा भोग का नाम दिया गया है। मन्दिर की वृहद व्यवस्थाओ के सुसंचालन के लिए पर्याप्त कर्मचारी कार्यरत है जो समर्पित सेवा भाव के साथ मौजूद रहते है। बताया गया कि इस धार्मिक आयोजन में शहर के विभिन्न संस्थाओं के साथ ही मितानिन बहने,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा तीन हजार मातृशक्तियां शामिल होंगी। बस्तर से लेकर दिल्ली के लीला बैंड पार्टी व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य दल शामिल रहेंगे। मंदिर स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने 24 नवंबर से 30 नवंबर तक भव्य विष्णु महायज्ञ,भव्य शोभायात्रा,नानी बाई का मायरा एवं विशाल भजन संध्या का आयोजन भी होगा। 24 नवंबर सोमवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक कलश यात्रा,पंचांग पूजन,यज्ञशाला प्रवेश,वेदी पूजन,देव स्थापन,अर्णी मंथन होगा। 25,26 एवं 27 नवंबर को सुबह 7 बजे से 1:30 बजे तक पूजन,हवन होगा। 28 नवंबर शुक्रवार को सुबह 7 बजे से 1:30 बजे तक पूजन,हवन होगा उसके बाद सुबह 10 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथावाचक श्री राधाकिशोरी के मुखारविंद से नानी बाई का मायरा होगा। रात्रि 8 बजे विजयशंकर मेहता का प्रवचन होगा। 29 नवंबर शनिवार को सुबह 7 बजे अभिषेक,7:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक पूजन,हवन पश्चात दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक नानी बाई का मायरा होगा। शाम 7:30 बजे से 10:30 हेमंत बृजवासी मंडली द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। 30 नवंबर रविवार को सुबह 6 बजे से श्री राधाकृष्ण भगवान का महाभिषेक, 7 बजे से ध्वजा पूजन,हवन,11:36 बजे से अभिजीत मुहूर्त में पूर्णाहुति, दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक नानी बाई का मायरा,शाम 7:30 बजे से 10:30 बजे तक लीला स्पिरिचुअल बैंड का भजन होगा।

■ मंदिर की खासियत रोज दोपहर असक्त, असहाय व निर्धन को नि :शुल्क भोजन मिलता है

**पूरे शहर को कराया जाएगा भोज, कलश यात्रा और होगा धार्मिक अनुष्ठान**





**पत्रकार वार्ता में ये रहे मौजूद**

पत्रकार वार्ता में मंदिर कमेटी के सर्वराकार मोहन अग्रवाल,गोपाल अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल ,अभिषेक अग्रवाल नयन अग्रवाल, देवराज सांखला,डा टी-एन रमेश ,शरद शुक्ला, किशन सांखला,पं ब्रम्हदत्त शर्मा,राजू काबरा,रूपेंद्र चंद्राकर,चंदू कंसारी, संदीप गोयल,निर्मल जैन आदि मौजूद थे।

## नगर के दो वरिष्ठ चिकित्सकों का राजधानी में हुआ सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में सीएम विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के आतिथ्य में डॉक्टरों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में देश-विदेश के प्रख्यात डॉक्टरों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें नगर के वरिष्ठतम चिकित्सक डॉ. बलजीत सिंह जो कि पिछले 55 वर्षों से इस पेशे में बेहतर सेवा दे रहे है। कमोवेश पिछले 40 वर्षो से बेहतर से बेहतर सेवा देने वाले डॉक्टर दिलीप शाह भी शामिल है। इन दोनों वरिष्ठ चिकित्सकों के समर्पण एवं सेवा भाव को देखते हुए गरिमामय समारोह के बीच सीएम श्री साय एवं डॉ. रमन सिहं ने शॉल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। दोनों डॉक्टरों के सम्मान होने पर शहर के नागरिकों ने बधाई दी है।

## छठ पर्व में नपा अध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष हुए शामिल





**नवापारा-राजिम।** छठ पर्व में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा , उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी, पार्षद पूजा कंसारी, जीना निषाद, नम्मु ध्रुव, भजपा मण्डल उपाध्यक्ष धीरज साहू, मयाराम साहू, मनीष चौधरी, मुकुंद मेश्राम, संजीव टिंकू सोनी, चंद्रिका साहू, प्रेम साधवानी, गोविंद साहू, सेवक साहू शामिल हुए।

**राज्योत्सव में मंचन के लिए सीएम को सौपा ज्ञापन**

## समाज और संगठन की मजबूती से बढ़ेगी राज्य की ताकत : सीएम साय





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

मानिकपुरी पनिका समाज के प्रदेश, संभाग, जिला और परिक्षेत्रीय स्तर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 26 अक्टूबर, रविवार को रायपुर स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम हॉल में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस महती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रहे, जिनका समाज के प्रमुखों द्वारा जोरदार स्वागत-सम्मान किया गया। माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यात्म प्रदेश के निर्वाचन अधिकार सत्यप्रकाश मानिकपुरी ने शपथ ग्रहण की प्रक्रिया संपन्न कराई। मुख्य अतिथि श्री साय ने लोकतांत्रिक व्यवस्था से हुए चुनाव प्रक्रिया के लिए समाज को बधाई दी और संगठन को मजबूत व सुदृढ़ करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अवतारी सत्ता कबीर साहेब के अनुयायियों में अग्रणी मानिकपुरी पनिका समाज की यह एकता राज्य और देश के लिए एक ताकत का संकेत है। समाज की ओर से गौकरण मानिकपुरी ने मुख्यमंत्री श्री साय को प्रादेशिक कार्यक्रम, जिला कलाकार संघ सिरजन गरियाबंद की ओर से राज्योत्सव में मंचीय अवसर दिलाने और आयोजन अनुदान के लिए आवेदन सौंपा।

**पूरे राज्य से पदाधिकारियों की रही उपस्थिति-** यह राज्य में पहला अवसर था, जब प्रदेश के सभी जिलों से समाज के हर स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला-पुरुष, बच्चों और युवाओं की व्यापक उपस्थिति देखी गई। खचाखच भरे ऑडिटोरियम हॉल में मंच से लगातार 'साहेब बंदगी साहेब' और 'सदगुरु कबीर साहेब की जयघोष' गूंजता रहा। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष भरत दास मानिकपुरी के साथ-साथ सत्य कबड्डी दास, देवधर दास महंत, अंजोर दास मानिकपुरी, फूल दास सुमीत दास मानिकपुरी, मंगलदास मानिकपुरी, खेमा दास मानिकपुरी, जी डी मानिकपुरी सहित सभी जिलों के अध्यक्ष, सचिव, संरक्षक आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। गरियाबंद जिला अध्यक्ष प्रशांत दास मानिकपुरी ने इस कार्यक्रम को सफलतम बताया। कार्यक्रम के दौरान पंजीकृत युवक-युवतियों ने मंच पर अपना नाम, पता, माता-पिता, गोत्र, शैक्षणिक योग्यता तथा व्यवसाय सहित परिचय भी कराया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियां-** भिलाई निवासी छत्तीसगढ़ के भजन सम्राट नवल दास मानिकपुरी, धमतरी जिले की अनुसुइया मानिकपुरी और सुप्रसिद्ध लोक गायिका संगीता मानिकपुरी द्वारा भजन और रायपुर के कला मंच द्वारा लोकगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। गरियाबंद जिले से प्रशांत दास मानिकपुरी, प्रकाश नारायण, अधीन दास, वेणु दास, भादू दास, रामेश्वर दास, गौकरण मानिकपुरी सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे।

आज दशगात्र



स्व.श्रीमती शिवबती सेन

आप प्रभु द्वारा बताए गए कर्तव्य पथ पर आसक्ति भाव से भलीभांति आचरण कर, कर्म करते हुए परमात्मा को प्राप्त हुए

"आपकी सीख और संस्कार मेरे जीवन का हिस्सा है। मैं आपकी विरासत को आगे बढ़ाऊँगा और आपके दिखाए रास्ते पर चलूंगा।"

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे माताजी श्रीमती शिवबती सेन का स्वर्गवास दिनांक 20 अक्टूबर 2025 दिन - सोमवार को हो गया है। जिसका दशगात्र दिनांक 28/10/2025 दिन-मंगलवार को हमारे निवास ग्राम कोपरा में सम्पन्न होगा। अतः आप सह-परिवार पधार कर स्वर्गीय आत्मा को शांति प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें।

स्थान
निज निवास शिव चौक, नगर पंचायत कोपरा
तालाब कार्यक्रम 12 बजे से

शोकाकुल :-
बंशी सेन (चाचाजी), ताराचंद, गोपाल बलदाउ, संतोष, कुलेश्वर, पेखराज, संजय कन्हैया, नागेश, पिंटू, एकांत, रवि, आकाश भावेश, युगल, शेखर, योगेश, समर, सुब्बु शिव, गौरव, तुषार एवं समस्त साहू परिवार.

विनीत:
रामानंद सेन (पुत्र)
कृष्णानंद सेन (पुत्र)
मो.नं.- 9981632028
9165200598

नोट : जिस किसी सज्जन को शोक-पत्र न मिला हो कृपया इसे ही स्वीकार करें।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भूरा माहो कीट ने धान की फसल चौपट, किसान परेशान

**गरियाबंद।** खरीफ़ सीजन की धान फसल इस बार किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। खेतों में भूरा माहों किट के प्रकोप ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। मौसम में लगातार बनी नमी के कारण यह कीट तेजी से फैल रहा है और धान की फसल को चौपट कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान दिन-रात खेतों में मेहनत कर रहे हैं, लेकिन कीट प्रकोप से फसल सूखने लगी है। कई किसानों ने बताया कि उन्होंने कीटनाशक दवाओं का 4 से 5 बार छिड़काव कर लिया है, बावजूद इसके राहत नहीं मिल पा रही है। इधर, व्यापारियों द्वारा मनमानी कीमतों पर कीटनाशक दवाइयां बेचे जाने से किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। बाजार में दवाओं की कीमतें सामान्य से कहीं अधिक वसूली जा रही हैं। किसानों का कहना है कि लगातार छिड़काव करने से उनकी लागत बढ़ गई है और फसल का उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फसल बचाने के लिए किसानों को सलाह दी जा रही है कि प्रमाणित दुकानों से ही कीटनाशक दवाएं खरीदें और विभागीय मार्गदर्शन में छिड़काव करें।

### जागेश्वर अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स के लिए चयनित



**मुड़ागांव(कोरासी)।** जोश जुनून जज्बा और मेहनत हो तो उम्र आड़े नहीं आता और यह करके दिखाया है राष्ट्रीय स्तर पर मास्टर एथलेटिक्स गोल्ड मेडलिस्ट खड़मा निवासी जागेश्वर राम ध्रुव ने /जागेश्वर राम ध्रुव खड़मा जो 23 वां अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता चेन्नई 2025 जो 5 नवंबर से 10 नवंबर तक आयोजन हो रहा है जिसमें 50 वर्ष आयु में 5 किलोमीटर 10 किलोमीटर दौड़, 5 किलोमीटर पैदल चाल में चयनित हुआ है इस प्रतियोगिता में लगभग 15 देश शामिल हो रहें हैं। ध्रुव सभी कार्यों में सहयोग देते हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेकर गांव, जिला, राज्य व देश का मान बढ़ाया है उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

### पौधरोपण, शपथ एवं चित्रकला स्पर्धा हुई

**महासमुंद।** मेरा युवा भारत महासमुंद के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन शासकीय वेटनरी पॉलिटेक्निक में किया गया। कार्यक्रम में युवाओं द्वारा पौधरोपण के साथ-साथ शपथ एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. देवेश गिरी गोस्वामी वेटनरी पॉलिटेक्निक, विशिष्ट अतिथि डॉ. गोविंदा देवांगन, काशिफ रजा, शैलेश विशाल उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ देवेश गिरा ने युवाओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनों जीवनदायिनी है। इस अवसर पर युवाओं ने पौधे लगाने और पर्यावरण की रक्षा के लिए शपथ ली।

**खेती किसानी : दीपावली के बाद मैनपुर क्षेत्र में धान की कटाई युद्ध स्तर पर जारी**

# बेमौसम बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में दीपावली पर्व के बाद किसान युद्ध स्तर पर धान की कटाई में लगे हुए हैं। खेतों में चहल-पहल बढ़ गई है और अधिकांश किसान पारंपरिक हंसिया और कुछ स्थानों पर हार्वेस्टर से धान की कटाई करवा रहे हैं। इसी बीच, आज सोमवार को मैनपुर क्षेत्र में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया और दोपहर के बाद तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। इस बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। आसमान में काले बादल छाए हुए हैं और रुक-रुक कर बूंदा बांदी हो रही है। किसान बेहद परेशान हैं क्योंकि उनकी मेहनत, जो अब कटाई के रूप में खेतों में पड़ी है, पानी में बहती दिख रही है। मैनपुर, नदीपारा, अचानपुर, देहारगुड़ा, गिरहोला, गौरघाट, छुईहा, गोपालपुर, कोदोभाठ, साल्हेभाठ, भाठीगढ़, भटगांव, नहानबिरी, हरदीभाठा, गोबरा, जिड़ार, सिंहार, जाड़ापदर, नवमुड़ा, कुल्हाड़ीघाट, बेसराझर, भालुडिग्गी, मैनपुरकला, कसाबाय, पंडरीपानी, फुलझर, ठेमली, पथर्री, बेहराडीह, बोईरगांव, बरदुला, अड़गड़ी, राजापड़ाव, शोभा, पेण्ड्रा, कोसममुड़ा, करेली, गोना, शुक्लाभाठा, कुशियारबरछा, ढोलसरई, भुतबेड़ा, मोतीपानी, मोंगराडीह, कुचेंगा, गरीबा, भाठापानी, महुआभाठा, गौरगांव, लाटापारा, धोबनडीह, गरहाडीह, घोटियाभर्री, कोकड़ी, बरगांव, नकबेल, तौरेंगा, कोदोमाली, जुगाड़, जांगड़ा, पयलीखण्ड, इंदागांव, कोयबा, नागेश, अमली, आड़पाथर, कुहीमाल, उरमाल, चनाभाठा, बिरीघाट, पानीगांव, झरगांव, खरीपथरा, धुरवागुड़ी, गोहरापदर सहित पूरे क्षेत्र में धान की फसल पककर तैयार है। किसान दीपावली के दूसरे दिन से ही कटाई करने लगे थे।



#### समर्थन मूल्य पर खरीदी में विलंब

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होनी है, लेकिन क्षेत्र में किसान पिछले एक सप्ताह से धान की कटाई कर रहे हैं। उन्हें कटाई और मिंजाई के लिए पैसों की तत्काल जरूरत है। ऐसे में, वे मजबूरन अपनी खून-पसीने की कमाई धान को व्यापारियों के पास 16 से 20 रुपये प्रति किलोग्राम के औने-पौने दाम में बेचने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे किसान बेहद परेशान हैं।



#### कटी फसल को नुकसान

झमाझम बारिश के कारण जगह-जगह धान की फसलों को भारी क्षति पहुंची है। खेतों में पड़ा हुआ धान का करपा भीग गया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका है। किसानों का कहना है कि खेत फिर से गीला होने से धान को बाहर निकालने में भी परेशानी होगी। मौसम को देखते हुए लग रहा है कि आने वाले दिनों में मौसम साफ न होने पर किसानों को और भी भारी नुकसान हो सकता है।



### कीट प्रकोप का खतरा बढ़ा

बारिश और खराब मौसम के चलते अब धान की फसल में कीट प्रकोप तेजी से फैलने की आशंका है। किसान पहले से ही कीट प्रकोप से परेशान हैं और हजारों रुपये की दवाई डाल चुके हैं, लेकिन कोई फायदा नहीं मिल रहा है। मौसम खराब होने से यह कीट प्रकोप के लिए वरदान साबित हो सकता है। वहीं, क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ धान की फसल पहले ही आंधी-तूफान से गिर चुकी है, जिन्हें काटना और सुरक्षित रखना किसानों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है।

### कृषि विभाग ने दी सलाह

कृषि विभाग के अधिकारी अभिनव सूर्यवंशी ने बताया कि जो धान की कटाई हो चुकी है, उनके लिए यह बारिश नुकसानदेह है, लेकिन खड़ी फसल को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि कीट प्रकोप से बचाव के लिए कृषि विभाग द्वारा किसानों को लगातार सलाह दी जा रही है और विभाग का अमला गांव तक पहुंच रहा है।

# काशी विश्वनाथ के लिए तीर्थ यात्री हुए रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 27 अक्टूबर को 30 तीर्थ यात्री श्री काशी विश्वनाथ प्रयागराज के लिये रवाना हुए जिन्हें भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित योगेश शर्मा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता सेन मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस मौके पर पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि तीर्थ दर्शन योजना छत्तीसगढ़ सरकार की छत्तीसगढ़ के विष्णु देव सरकार की मर्मस्पर्शी योजना है जिसके तहत मैनपुर विकासखंड सहित पूरे छत्तीसगढ़ के बुजुर्ग जिनका सपना होता था कि हम भी अयोध्या काशी के दर्शन करें उनके सपनों को साकार करने का काम छत्तीसगढ़ सरकार कर रही है इस तीर्थ दर्शन योजना से हजारों लोग प्रतिमाह तीर्थाटन का लाभ ले रहे हैं इस अवसर पर प्रमुख रूप से रोशन अवस्थी श्रवण सतपथी एडिशनलसीईओ नागवंशी पंचायत निरीक्षक राजकुमार धुर्वा सालिक पटेल लिबास पटेल गणेश नागेश सोनू पटेल श्रीमती सरोज अवस्थी श्रीमती जानकी तिवारी चैन सिंह नागेश पंकज मांझी सहित तीर्थयात्री गण उपस्थित थे।

# दीपावली मिलन से बढ़ता है आपसी सौहार्द्र : डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

■ दीवाली मिलन एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए डीएसपी एवं जिला पंचायत सभापति

नगर के संगीत प्रेमियों द्वारा सोमवार को संगीतमय दीपावली मिलन समारोह एवं जन्मोत्सव का संयुक्त आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में क रा ओ के संगीत पर आधारित गीतों के गायन और दी पा व ली मि ल न समारोह में शामिल होने के लिए दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजिम, गरियाबंद, फिंगेश्वर, कोपरा, और पांडुका से फनकार (कलाकार) उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद नेमीचंद यादव और रूपेश शर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत गुलाल, पीला चावल, श्रीफल और गमछा भेंट कर किया गया। मंचासीन अतिथियों में गोपाल वैश्य



(डीएसपी गरियाबंद), लेखराज ध्रुवा (सभापति, जिला पंचायत), सुबोध फ्रैंकलिन, राकेश दास, उत्तम पवार, दीपक दीवान, हरीश ठक्कर, डॉ. आनंद गुप्ता, रामकरण त्रिवेदी और अमिताभ जैन शामिल थे। अपने उद्बोधन में डीएसपी गोपाल वैश्य ने कहा कि दीपावली मिलन से आपसी सौहार्द्र बढ़ता है, भावनात्मक मजबूती आती है और तनाव से मुक्ति** मिलती है। उन्होंने जन्मोत्सव के आयोजन को परिजनों से मेल मिलाप और रिश्तों को मजबूत करने का अवसर बताया।

**कराओके और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**-अतिथि उद्बोधन के बाद संगीतमय कराओके गायन की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। कलाकारों ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दिनेश मरकाम ने राम भजन, डिगेश्वरी गोस्वामी ने सुआ गीत, जबकि हीरालाल साहू और डामिन साहू दंपति ने ददरिया प्रस्तुत किया। मुकेश, रफी, लता, मन्ना डे, किशोर कुमार, कुमार सानू और उदित नारायण जैसे दिग्गजों के गीतों को ह्यूमन सिन्हा, भगवान सिंह ध्रुव, विनोद कुमार देवांगन, बेबी सिमरन कमार, उत्तम पवार, रूपेश शर्मा, दीपक दीवान, सुबोध फ्रैंकलिन, नेमीचंद यादव, राकेश दास, आनंद गुप्ता, आशीष ठक्कर सहित कई कलाकारों ने अपनी आवाजों में प्रस्तुत किया।

**जन्मोत्सव और सम्मान समारोह**- मध्याह्न भोजन से पूर्व, तीन सुर साधकों रूपेश शर्मा, इमरान अली और लक्की मेमन** का संयुक्त जन्मोत्सव केक काटकर और भेंट प्रदान कर मनाया गया। इससे पहले, मां शीतला म्यूजिकल संध्या ग्रुप द्वारा नवरात्रि भजन संध्या कार्यक्रम के सहयोगियों (विनोद कुमार देवांगन, नारायण प्रसाद साहू, हीरालाल साहू, भगवान सिंह चंद्राकर, धनंजय हरित, रूपेश शर्मा, नेमीचंद यादव, ऋषि साहू) को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सुबोध फ्रैंकलिन ने अक्टूबर और नवंबर माह में जन्मे सुर साधकों और ग्रुप सदस्यों को भी सप्रेम भेंट देकर सम्मानित किया।

**आयोजन में सहभागिता**- कार्यक्रम को सफल बनाने में रामकरण त्रिवेदी, अमिताभ जैन, पुखराज ठाकुर, विमल पुरोहित, भोजराम साहू, चितरंजन चंद्राकर, तरुण वर्मा आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू एवं मोहनी गोस्वामी ने किया। हेल्पिंग हैंड ग्रुप, वनांचल म्यूजिक परिवार, स्वरधारा परिवार, और मां शीतला म्यूजिकल भजन संध्या ग्रुप के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी और परिजन शामिल हुए।

# धान उपार्जन केन्द्रों की सफाई का कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

खरीफ विपणन वर्ष 2 -26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए केन्द्रों में साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर उइके ने कहा कि इस वर्ष धान खरीदी 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक की जाएगी। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी सहकारी समितियों में व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में साफ-सफाई, पानी,छाया, बैठने की व्यवस्था,तौल मशीन,बोरा उपलब्धता और परिवहन की पूर्व तैयारी के निर्देश दिया गया है। इसी कड़ी में धान उपार्जन केन्द्र रसेला के प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने बताया कि कामन धान 2369 प्रति क्विंटल, ग्रेड ए धान 2389 प्रति क्विंटल की खरीदी की जाएगी। साथ ही खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से लिया जाएगा। रसेला समिति में कुल पंजीकृत किसान 1304 है जिससे 820 किसानों



ने समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए गैरी फारवर्ड पंजीयन करा चुके हैं, शेष किसानों ने अभी तक समिति द्वारा आश्रित ग्रामों में कोटवार द्वारा मुनादी कराने के बाद भी ऐंग्री स्टैक और कैरी फारवर्ड में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि अब सभी किसानों को इस पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। जिन किसानों ने पहले धान बेचने के लिए पंजीकरण कराया था, उन्हें भी संशोधन या कैरी फारवर्ड से पहले एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीकरण कराना जरूरी होगा। जबकि एग्रीस्टैक पंजीकरण का समय सिर्फ 4 दिन शेष रह चुके हैं। सरकार द्वारा निर्देशित किया गया है कि बिना एग्रीस्टैक पंजीकरण के कोई भी किसान धान विक्रय के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। इस वर्ष क्षेत्र के ग्राम कुडेरादादर में नया समिति के साथ नया धान उपार्जन केन्द्र खोलने का आदेश शासन द्वारा भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि सभी धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए एक भी जगह शौचालय की व्यवस्था नहीं है, जबकि धान विक्रय में किसानों को समय आने पर पूरा दिन लग जाता है। इस ओर शासन प्रशासन का अभी तक ध्यान नहीं गया। यहां तक कई खरीदी केन्द्रों में बाथरूम की व्यवस्था भी नहीं रहता है। जबकि पुरुष के साथ खाताधारी महिला भी धान बेचने उपार्जन केन्द्र पहुंचते हैं,उस समय महिलाओं को इधर उधर जगह तलाश करने पड़ते हैं। धान खरीदी के लिए किसानों को सुविधा और भीड़ से बचने हेतु टोकन तुहर हाथ योजना लागू की गई है। साथ ही ग्राम पंचायत कुडेरादादर, मुढीपानी, रूवाड के समस्त ग्रामवासीयों ने नया समिति और नया उपार्जन केन्द्र खोलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।







# क्षेत्र में 9 माह से नहीं मिल रहा केरोसिन उपभोक्ता परेशान, चना वितरण भी बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला द्वारा क्षेत्र में 7 शासकीय उचित मूल्य की दूकान संचालित है, मगर आज 8 से 9 माह बीतने जा रहें मगर दूकान पर बिकने वाला केरोसिन उपभोक्ताओं को नहीं मिलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं को जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं द्वारा लगभग 9 माह में मिट्टी तेल नहीं दिया जा रहा है। सेल्समैन चंचल जगत ने बताया कि 8 से 9 महिने से पूरे जिले में मिट्टी तेल की सप्लाई ऊपर से बंद है। जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव,



उपभोक्ता पीला बाई ठाकुर, सुनीता यादव, कृष्णा यादव, दमयंती नागेश,नरेश सोरी, कुबेर भुजिया सहित आदि लोगों ने बताया कि मिट्टी तेल आठ से नौ माह हो रहा है नहीं मिला है। जबकि बरसात जैसे तैसे गुजर गया। जब बिजली चली जाती है तो घर में अंधेरा छा जाता है,उस समय लालटेन,लैप जलाने के लिए मिट्टी तेल की जरूरत पड़ती है, मगर मिट्टी तेल नहीं मिलने से हम लोग मजबूरी में खाने का तेल से दीया जलाकर काम चला रहे हैं। साथ ही खाना बनाने के लिए पहले आग जलाने के कार्य में भी उपयोग करते हैं। जिसे खरीदने कइयो महिने चक्कर पे चक्कर लगा रहे हैं। सेल्समैन द्वारा रटा रटाया जवाब दिया जाता है कि मिट्टी तेल नहीं आया है। सितंबर माह में समिति का आम जलसा हुआ उसमें सभी किसानों ने मिट्टी तेल नहीं मिलने पर नाराजगी जताई गई। और जल्द से जल्द शासन द्वारा मिट्टी तेल भेजने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं ने अतिशीघ्र मिट्टी तेल आपूर्ति किया जाएं ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके। वहीं दूसरी ओर दो माह का चना भी उपभोक्ता को अप्राप्त है।